दिनांक 07.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

जनता से मिलने घासीदास नगर वार्ड 27 में पहुंचे महापौर देवेन्द्र यादव

भिलाईनगर/जनता की समस्याओं से रुबरु होने के लिए आज महापौर देवेन्द्र यादव घासीदास नगर वार्ड 27 में प्रातः 06:00 बजे पहुंचे। स्थानीय निवासियों ने निचली बस्तियों में पानी भराव की शिकायत की जिसपर महापौर जोन आयुक्त आर0के0 पदमवार को तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था बनाने को कहा। यह पता चला कि एसीसी चौक से जामुल बोगदा तक पानी का बहाव उसी दिशा में है, जमीन उद्योग विभाग का होने के कारण विकास कार्य हेतु उद्योग विभाग को पत्र भेजने को कहा। ज्यादातर लोगों की समस्या घर–घर कचरा संग्रहण, रिक्शा भेजने, तालाब में पाथवे निर्माण, मुरुम खदान पर बड़ा गड्ढ़ा होने से पानी भर जाता है जो पानी घरों में घुस जाता है, संबंधित अधिकारी से निराकरण करने को कहा।

महापौर देवेन्द्र यादव के वार्ड भ्रमण के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिक, महिला सदस्यों के साथ, अभियंता संजय अग्रवाल, अरविन्द शर्मा, स्वच्छता निरीक्षक महेश पाण्डेय, स्वच्छता पर्यवेक्षक त्रिलोचन, रामायण सिंह आदि उपस्थित रहें।

जनसम्पर्क अधिकारी